# 2025 जनगणना सर्वेक्षण
## जनगणना फॉर्म भरने के निर्देश

政府統計

सांख्यिकीय ब्यूरो

यह फॉर्म जनसंख्या जनगणना का लक्ष्य और लेखन को समझाता है। सर्वे फॉर्म का अनुवाद और सर्वे फॉर्म भरने के निर्देश २ से ८ पेज को पढ़ें और उसके अनुसार जापानी सर्वे फॉर्म को भरें।

जापानी सर्वे फ़ार्म को ३ बार मोड़ कर लिफाफे में बंद करें। (डाक टिकट न लगाएं) लिफ़ाफ़े को ८ अक्टूबर (बुध) तक नज़दीकी पोस्ट में डाल दें। यदि आप निर्देशित तारीख तक सर्वे फॉर्म जमा नहीं कर पाए तो सर्वे अधिकारी दुबारा आपके घर फॉर्म लेने आएंगे।

आपके द्वारा दिए गए उत्तरों का उपयोग केवल आंकड़े संकलित करने के लिए किया जाएगा तथा इसका उपयोग अप्रवासीय नियंत्रण या पुलिस जांच जैसे किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जाएगा।

### जापान की जनगणना के बारे में

१ अक्टूबर २०२५ को संपूर्ण जापान में जनगणना की जाएगी।
इस सर्वे के अंतर्गत सभी देशों के लोगों को भाग लेना ज़रूरी है। यह सर्वे जापानी सरकार के द्वारा किया जाने वाला बहुत महत्वपूर्ण सांख्यिकी सर्वे है और ये सांख्यिकी कानून के तहत अनिवार्य है।
जनगणना कानून के अंतर्गत सर्वे फॉर्म जमा करना हर एक व्यक्ति का कर्तव्य बनता है । इसके अलावा, सभी अधिकारी और जनगणना से संबंधित कार्यकर्ता आपके जवाब को गोपनीय रखेंगे।
आपके द्वारा जवाब दिये हुए सर्वे फॉर्म को, सख्त ज़िम्मेदारी से गुप्त रखा जाएगा और काम समाप्त होने पर उसे नष्ट कर दिया जायेगा।
जनगणना सर्वेक्षण के परिणामों का उपयोग शहरों की मूलभूत आवश्यक योजनाओं में और विदेशियों के भी रहने के लिए सुविधाजनक जगह इत्यादि के विकास में किया जायेगा।

### सर्वे फॉर्म प्रत्येक हाउसहोल्ड द्वारा भरा जाएगा।

◆ साधारणतः परिवार के साथ एक ही घर में निवास करने, और मूल भूत ज़रूरतें आपस में मिलकर पूरा करने को हाउसहोल्ड के रूप में संबोधित किया जाता है।
◆ अकेले गुज़ारा कर रहे व्यक्ति को एक हाउसहोल्ड के रूप में संबोधित किया जाता है।

- निम्नलिखित व्यक्ति को क्रमानुसार हाउसहोल्ड के रूप में ठहराया जाएगा।
  - ○ लाँजर अथवा टेनन्ट ( सहभाजी कमरा शामिल ) ......अकेले व्यक्ति को एक हाउसहोल्ड करके संबोधित किया जाएगा।
    भाई-बहन और अन्य सदस्य के संग निवास करने वाले एक परिवार को एक हाउसहोल्ड के रूप में संबोधित किया जाएगा।
  - ○ मालिक के घर में निवास करने वाले व्यक्ति ......मालिक के हाउसहोल्ड में शामिल किया जाएगा।
    मालिक से अलग निवास करने वाले व्यक्ति अलग हाउसहोल्ड के रूप में संबोधित किया जाएगा।
  - ○ सार्वजनिक अथवा कंपनी के डॉर्मिटोरी, हॉस्टल या बोर्डिंग हाउस में निवास करने वाले व्यक्ति...... अलग हाउसहोल्ड के रूप में संबोधित किया जाएगा।

世－14

## फॉर्म भरने के निर्देश

- कृपया काली पेंसिल अथवा काली मैकनिकल पेंसिल इस्तेमाल करें।
- वर्तुल “ ○ “ को , “ ● “ इस तरह से भरें।
- चौरस डिब्बे में विस्तारित प्रमाण से नंबर को दाएँ की तरफ से लिखें ।




**सर्वे फॉर्म पेज १ का लेखन**

### हाउसहोल्ड के बारे में

**1 हाउसहोल्ड का प्रकार**

“अन्य” हाउसहोल्ड में वे लोग शामिल हैं जिनके पास अपना घर नहीं है या जो अकेले ही आवास या भवन-निर्माण कामगार आवास में रहते हैं।

**2 हाउसहोल्ड के सदस्यों की संख्या**

हाउसहोल्ड के सदस्यों की संख्या यदि ५ से अधिक हो तो फॉर्म के पहले पन्ने पर सभी सदस्यों की संख्या लिखिए।

**3 निवास का प्रकार**

**खुद का घर अथवा फ्लैट** ............... खुद का घर जिसकी रजिस्ट्री न हुई हो जिसका हाउसिंग लोन वर्तमान में भर रहे हों, वह भी इसमें शामिल है ।

**शहरी पुनर्वास एजेंसी (UR) और अन्य सार्वजनिक निगमों का किराये का घर**............ शहरी पुनर्वास एजेंसी या प्रिफेक्चर, शहरों, कस्बों और गांवों के आवास आपूर्ति निगमों,अथवा हाउसिंग सोसाइटी, विकास निगमोंद्वारा प्रदान किए गए किराये के घर ।हालाँकि, इसमें कंपनी का आवास या सरकारी आवास शामिल नहीं हैं।

**कंपनी आवास और सरकारी आवास** ............ आपकी जहाँ कार्यरत हैं वह कंपनी, सरकारी कार्यालय, अथवा आपके नियोक्ता के स्वामित्व का अथवा उन्होंने किराये से लिया हुआघर।

**किराये का कमरा** ...........................जब किसी अन्य परिवार के निवास स्थान का कुछ हिस्सा किराये पर लिया गया हो।हालाँकि, यदि किराये पर लिया गया हिस्सा निम्नलिखित ① और ② के अंतर्गत आता है, तो इसे "निजी किराये का आवास" माना जाएगा ।

**कंपनी का होस्टल अथवा बोर्डिंग हाउस** ... एकल स्टाफ और कर्मचारियों के निवास हेतु कंपनियों, सरकारी कार्यालयों, संगठनों आदि के स्वामित्व वाली या उनके द्वारा किराये पर ली गई इमारतें ।
हालाँकि, यदि निवास का क्षेत्र निम्नलिखित ① और ② के अंतर्गत आता है, तो इसे "कंपनी का आवास या सरकारी आवास" माना जाएगा।

① अगर पूरी तरह वह किसी भी दूसरे परिवार से अलग हो।
② अगर उस मकान का दरवाज़ा सिर्फ आपके परिवार का हो, रसोईघर का सीन्क और टॉइलट मौजूद हो।
(सार्वजनिक टॉइलट भी अगर वह किसी परिवार के घर के अंदर से जा नहीं रहा हो तो)

## 4 गृह की बनावट

एकल घर ........................... यह एक ऐसी इमारत को संदर्भित करता है जो एक एकल निवासस्थान है। भले ही इमारत का उपयोग स्टोर और निवास के रूप में किया जाता हो, लेकिन अगर पूरी इमारत एक एकल निवासस्थान है तो इसे "एकल घर" माना जाता है।

आवासीय परिसर ........................ अपार्टमेंट या मैंशन की तरह, यह दो या दो से अधिक आवासों वाली इमारत को संदर्भित करता है जहां गलियारे और सीढ़ियाँ सार्वजनिक उपयोग हेतु होते हैं, तथा आवास एक दूसरे के ऊपर बने होते हैं। इसमें पहली मंजिल पर स्टोर और दूसरी मंजिल से ऊपर आवास होने वाली इमारतें भी शामिल हैं। इस मामले में, आपको "इमारत में कुल मंजिलों की संख्या" और "आप जिस मंजिल पर रहते हैं उसकी संख्या" भी भरनी होगी।

※ भले ही कोई घर बाहर से एक साधारण एकल घर जैसा दिखता हो, लेकिन यदि पहली और दूसरी मंजिल पर अलग-अलग आवास हैं और दूसरी मंजिल पर जाने के लिए एक निजी बाहरी सीढ़ी है, तो इसे "आवासीय परिसर" माना जाता है।

※ मेसोनेट प्रकार के घर (ऐसा आवासीय परिसर जहां एक इकाई दो मंजिलों तक फैली होती है) के मामले में, जिस मंजिल पर प्रवेश द्वार स्थित है, उसे "आप जिस मंजिल पर रहते हैं उसकी संख्या" माना जाएगा।

※ यदि आप बेसमेंट वाले आवासीय परिसर में रहते हैं, तो कृपया "इमारत में कुल मंजिलों की संख्या" के लिए जमीन से ऊपर की मंजिलों की संख्या दर्ज करें। यदि आप बेसमेंट में रहते हैं, तो कृपया "आप जिस मंजिल पर रहते हैं उसकी संख्या" के लिए "1" दर्ज करें।

कतारबद्ध मकान ........................... यह एक ऐसी संरचना को संदर्भित करता है जिसमें दो या दो से अधिक घर एक दूसरे के बगल में बने होते हैं, तथा एक ही दीवार को साझा करते हैं, जैसे पंक्तिबद्ध घर या सीढ़ीनुमा घर, तथा प्रत्येक घर का बाहर की ओर अपना अलग प्रवेश द्वार होता है।

अन्य ........................... उपरोक्त के अलावा, यह उन मामलों को संदर्भित करता है जहां आवास किसी कारखाने, कार्यालय आदि के भीतर स्थित होता है।

## हाउसहोल्ड के सभी सदस्यों के बारे में
## 5 नाम और लिंग

● अगर अक्टूबर १, २०२५ के 00:00 बजे के पहले बच्चे ने जन्म लिया हो, और उसका नाम नहीं रखा गया हो तो, (नाम) में [नाम नहीं रखा] लिख़ें एवं उचित लिंग पे निशान लगाएं ।

| |
|---|
| **आपके घर के सदस्य** यानि**,** एलियन रेजिस्ट्रेशन की विधि पूरी की हो या ना हो**,** १ अक्टूबर २०२५ को, आपके हाउसहोल्ड में नीचे बतलाए गए व्यक्ति को कहा जायेगा<br>◆ पिछले ३ या अधिक महीनों से रह रहे हो<br>◆ अभी ३ महीने नहीं हुए लेकिन, ३ महीने या अधिक रहने का मंसूबा हो |

● परिवार के अतिरिक्त, आप के हाउसहोल्ड में ३ महीनों से अधिक रह रहे हैं या रहने का मंसूबा रखते हो उस व्यक्ति के बारे में भी लिखिए।

● निम्नलिखित व्यक्तियों के सर्वे निर्धारित जगह पर किए जायेंगे।
➢ यदि आपके परिवार में निम्नलिखित व्यक्ति हो तो फॉर्म ध्यानपूर्वक भरें ।
○ जो व्यक्ति आराम, बिज़नेस, नौकरी के कारण घर में कुछ समय उपलब्ध न हों
...... ३ महीनों से कम समय घर से दूर व्यक्ति उसी घर के सर्वे में शामिल होंगे।
...... ३ महीनों से अधिक समय घर से दूर व्यक्ति उस जगह के सर्वे में शामिल होंगे।

○ डॉर्मिटोरी अथवा बोर्डिंग हाउस में रहने वाले विद्यार्थी
...... सभी विद्यार्थी डॉर्मिटोरी अथवा बोर्डिंग हाउस के सर्वे में शामिल होंगे।

○ अस्पताल अथवा आरोग्य निवास में भर्ती सदस्य
...... ३ महीनों से कम समय अस्पताल या आरोग्य केंद्र में भर्ती व्यक्ति घर के सर्वे में शामिल होंगे।
...... ३ महीनों से अधिक समय अस्पताल या आरोग्य केंद्र में भर्ती व्यक्ति, अस्पताल या आरोग्य केंद्र के सर्वे में शामिल होंगे ।

○ जहाज़ पर काम करने वाले व्यक्ति
...... घर के सर्वे में शामिल होंगे।

○ जेल अथवा डिटेंशन हाउस में रहने की पेनल्टी तय की गयी हो।
○ रिफॉर्मेटरी में रह रहे व्यक्ति
...... भर्ती संस्था के सर्वे में शामिल होंगे।

○ ३ महीनों से अधिक न गुज़र गए हों या ३ महीनों से अधिक रहने का मंसूबा न हो वह व्यक्ति
...... वर्तमान स्थान के सर्वे में शामिल होंगे।

○ वह व्यक्ति जिनके पास २ स्थानों पर घर है
...... सामान्य रूप से ज्यादातर रहनेवाले घर के स्थान के सर्वे में शामिल होंगे।

## 6 हाउसहोल्ड के मुखिया से संबंध

कृपया घर के एक सदस्य को हाउसहोल्ड के मुखिया या कर्ता के रूप में प्रमाणित करें । बाकी सभी सदस्य घर का मुख्य सदस्य या कर्ता से अपना रिश्ता लिखें ।

**अन्य रिश्तेदार ...** दादा, दादी, पड़पोता, पड़पोती, चाचा, चाची, भतीजा, भतीजी, चचेरा भाई या बहन, दूर के भाई अथवा रिश्तेदार के बच्चे। (और उनकी पत्नियाँ।) मिलाके।

**इनके ...........** मित्र के बच्चों को अपने घर में पनाह देना अथवा वह व्यक्ति जो रिश्ते में नहीं है लेकिन घर के सदस्यों के साथ रहता है (कामगार व्यक्ति छोड़के)।

## 9 राष्ट्रीयता

अगर जापानी राष्ट्रीयता और साथ में कोई और देश की राष्ट्रीयता हो तो जापानी लिखें।

जापानी नागरिकता ना हो तो, देश का नाम लिखें। (देश का नाम)

## 10 वर्तमान घर में बिताया समय

यदि कोई व्यक्ति अपने वर्तमान निवास स्थान से ३ महीने या अधिक समय के लिए नौकरी, यात्रा, व्यापार या कोई दूसरे कारणवश बाहर गए हों, (वो भी सदस्य जो उनके साथ गए हों) तो वर्तमान निवास पर वापस लौटने के बाद का समय दर्ज करें।

## 11 ५ वर्ष पहले (१ अक्टूबर २०२०) आपका आवास स्थान

५ वर्ष पहले (१ अक्टूबर २०२०) रह रहे निवास स्थान का नाम लिखें ।

- १ अक्टूबर २०२५, को अस्पताल में भर्ती नवजात शिशु के भविष्य में रहने वाले निवास स्थान का नाम लिखें।

- निम्नलिखित २३ वार्ड टोक्यो का विशेष वार्ड है।

(चियोदा, चुओ, मिनतो, शिनजुकू, बुंक्यो, ताईतो, सुमिदा, कोतो, शिनागावा, मेगुरो, ओता, सेतागाया, शिबूया, नकानो, सुगिनामी, तोशिमा, क़िता, अराकावा, इटाबाशी, नेरीमा, आदाची, कात्सुशीका, एदोगावा)

**सर्वे फॉर्म पेज २ का लेखन**

## घर के सभी सदस्यों के लिये

## 12 सितंबर २४ से ३०, २०२५ तक के १ सप्ताह के बीच में क्या आपने काम किया ?

सितम्बर २४ से ३० तारीख के बीच में यदि आपने थोड़ा भी काम किया हो और उसका पैसा प्राप्त हुआ हो तो, ऊपरी भाग में उचित जगह निशान लगाएं। थोड़ा भी काम न किया हो तो निचले भाग में एक ही जगह पर निशान लगाएं।

जिस व्यक्ति के पास "ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग" का रेज़िडेन्स स्टेटस हो और उनकी ट्रेनिंग अवधि जारी हो वह "स्कूल जाना" पर निशान लगाएं।

**घर में काम करने के अलावा अन्य काम भी करना ...** वह व्यक्ति जो मुख्य रूप से घरेलु काम-काज करने के अलावा, जैसे पार्ट टाइम जॉब, फ़ैमली बिज़नेस में हाथ बंटाना, घंटे के हिसाब

से काम करना आदि पेड काम भी कर रहे हैं ।

**लीव पर थे ......** नौकरी कर रहे हो परंतु बीमारी या कोई दूसरी वजह के कारण पेड लीव पर हो या मटर्निटी लीव अथवा परिवार के सदस्य की देखभाल के कारण लीव पर हो इसके बावजूद रोजगार बीमा अधिनियम के अनुसार बेसिक वित्तीय बेनफिट प्राप्त कर रहे हो। वह व्यक्ति जो व्यवसाय में लगे हुए हैं लेकिन बीमारी या लीव के कारण काम से अनुपस्थित हुए ३० दिन पूरे हुए हों ।

**काम की तलाश कर रहे थे ......** वह व्यक्ति जो काम की तलाश में हो। जैसे अख़बार, रोजगार केंद्र अथवा किसी और की सहायता से काम की तलाश में हो। तथापि यह तभी लागू होगा जब वह व्यक्ति उस नौकरी के लिए खाली हो और वह नौकरी प्राप्त करते हो।

**स्कूल जा रहे थे ...............** सप्ताह में लगभग एक, दो बार खाना पकाने एवं जापानी भाषा के अभ्यास के लिए जाने वाले व्यक्ति इसमें शामिल नहीं।

➢ विद्यालय जाने वाले बालवाड़ी, बालोद्यान अथवा मान्यताप्राप्त शिशु "अन्य" में शामिल ।

## काम करने वाले व्यक्ति・स्कूल जाने वाले व्यक्ति के बारे में

### 13 नौकरी की जगह अथवा स्कूल की जगह

- नौकरी और स्कूल जाने वाले व्यक्ति, नौकरी की जगह को निशान लगाएं।
  - ➢ टोक्यो के "कू" विभाग के बारे में ५ पेज के "11 ५ वर्ष पहले (१ अक्टूबर २०२०) आपका आवास स्थान" को देखें ।

- नीचे वर्णित व्यक्ति, उल्लेख की गई जगहों को "कार्यस्थल" मानें ।
  - ○ वह व्यक्ति जो अपने फॉर्म/फ़ोरेस्ट अथवा फिशींग बोट पर काम करते हो ...घर में
  - ○ अपना बढ़ई अथवा फेरीवाले का काम कर रहे हो .......................घर में
  - ○ कार्यालय/दफ़्तर के बाहर काम करते हो .................संस्था का पता (बिक्रीकर्ता/सेल्ज़मन, ड्राइवर/वाहनचालक)
  - ○ जहाज़ का सदस्य ................................ उस जहाज़ का नाम, जहाज़ का बेस हार्बर

## काम करने वाले व्यक्ति के बारे में

### 14 नौकरी/ पेशा या सेल्फ एम्प्लोइड

**नियोजित व्यक्ति ...** कंपनी・संस्था・सरकारी कार्यालय・खुद की दुकान इत्यादि में काम करने वाले व्यक्ति को संबोधित करता है।

**रिक्रूटमेंट एजेंसी द्वारा नियोजित ...**रिक्रूटमेंट एजेंसी द्वारा नियोजित कर्मचारी [पार्ट टाइम, लेबर, गैर नियमित नौकरी] आदि कहलाए जाने के बावजूद [रिक्रूटमेंट एजेंसी द्वारा नियोजित कर्मचारी] कहलाए जाएंगे।

**कंपनी इत्यादि के अधिकारी ...** कंपनी के डाइरेक्टर/ संचालक, डाइरेक्टर/ प्रेसिडेंट, ऑडिटर, संस्था,चैरिटबल ऑर्गनज़ैशन अथवा इनडिपेन्डन्ट ऑर्गनजैशन के डाइरेक्टर या इंस्पेक्टर आदि समान व्यक्ति।

➢ कारपोरेट अफसर या मैनेजिरीयल दर्जा जैसे डिपार्टमेन्ट के मुख्य या सेक्शन चीफ

परंतु वह कंपनी के डाइरेक्टर/ संचालक, डाइरेक्टर/ प्रेसिडेंट न हो तो “नियोजित व्यक्ति” के रूप से संबोधित किए जायेंगे।

**सेल्फ एम्प्लोइड.........** यदि आप कर्मचारी को नियोजित करते हो तो “कर्मचारी रखने वाले सेल्फ एम्प्लोइड” के दर्जे से संबोधित किया जाएगा।
अथवा कर्मचारी को नियोजित न करते हो तो “कर्मचारी न रखने वाले सेल्फ एम्प्लोइड” के दर्जे से संबोधित किया जाएगा।

➢ यदि दुकान के मेनेजर या प्रोप्राइटर तो उस कंपनी की व्यवस्थापना (जॉइंट स्टॉक कंपनी (लिमिटेड कंपनी भी शामिल है।)/ लिमिटेड पार्टनरशिप कंपनी/ अनलिमिटेड पार्टनरशिप कंपनी/ मर्जर कंपनी) के मामले में "कंपनी इत्यादि के अधिकारी" के दर्जे से संबोधित किया जाएगा।

**पारिवारिक कर्मचारी .........** खेत या अपनी दुकान के काम में हाथ बंटाने वाले परिवार के सदस्य ।

**साइड जॉब/ उजरती मजदूर ...** मटीरियल या सामग्री को किए जाने पर, किसी किस्म की मशीन का प्रयोग न करते हुए अपने घर में अकेले से काम करने वाले व्यक्ति।

## 15 संस्था का नाम

- आपके काम करने की जगह (हेड आफिस, ब्रांच आफिस, सेल्ज़ आफिस, फ़ैक्टरी, दुकान आदि) का नाम लिखिए।
  - ○ ब्रांच **आफिस, सेल्ज़ आफिस इत्यादि में काम करने वाले व्यक्ति,** कंपनी के नाम के साथ साथ ब्रांच आफिस अथवा सेल्ज़ आफिस का नाम भी लिखिए।
  - ○ एक से अधिक कार्य स्थान में काम करने वाले व्यक्ति ज्यादा समय बिताने वाले कार्य स्थान का नाम लिखिए।
  - ○ रिक्रूटमेंट एजेंसी द्वारा नियोजित कर्मचारी, कार्य स्थान का नाम लिखिए।

## 15 कार्यालय के व्यवसाय का वर्णन

- आप के कार्य स्थान में मुख्य रूप से होने वाले व्यवसाय का वर्णन कीजिए।
- विशेष उत्पाद या सेवा के प्रकार का विवरण दें जिससे मैन्यफैक्चर, रिपेर, होलसेलर , रिटेल, इत्यादि में अंतर किया जा सके/
  - ○ उस कार्य स्थान में दो या दो से अधिक प्रकार के व्यवसाय किये जा रहे हों तो मुख्य रूप से होने वाले काम का ही वर्णन कीजिये।
  - ○ **यदि उत्पाद को निर्माण स्थान में ही कंज़्युमर को रिटेल भाव से बेचा जाए** तो “○○उत्पादक/ रिटेलर” लिखिए।
  - ○ रिक्रूटमेंट एजेंसी द्वारा नियोजित कर्मचारी उस संस्था के व्यवसाय का वर्णन करें ।

## 16 काम का वर्णन

○ उस कार्य स्थान में स्वयं आप का मुख्य रूप से किए जा रहे काम का वर्णन लिखिए।

○“फैनान्सिअल ऐनालिस्ट”, “अंतर्राष्ट्रीय वकील”, “डिज़ाइनर” आदि प्रकार के काम करने वाले व्यक्ति अपने **काम से सम्बंधित विवरणात्मक टाइटल हो तो** वह लिखिये।

○ यदि आप दो या दो से अधिक प्रकार के काम कर रहे हो, तो मुख्य रूप से करने वाले काम का ही वर्णन कीजिये।

➢ यदि **कोई व्यक्ति मैनेजमेंट, सेल्स आदि के अलावा ख़ाना-पकाना, मैन्यूफैक्चर, रिपेर आदि टेकनीकल काम भी कर रहे हो** तो "टेकनीकल" लिखिए।
उ°: लॉ फर्म का संचालन एवं वकील ........................ वकील
रेस्ट्रान्ट/ भोजनालय का संचालन एवं कुक ............ कुक

○ रिक्रूटमेंट एजेंसी द्वारा नियोजित कर्मचारी भेजे गए कार्य स्थान में स्वयं आप का मुख्य रूप से किए जा रहे काम का वर्णन लिखिए।

**१५, १६ का उदाहरण**

〔उ°१〕 मैन्यफैक्चर व्यवसाय

| | | |
|---|---|---|
| १५ | संस्था का नाम | आओज़ोरा जिदौशा कबूशिकी गाईशा, फेकटरी नं° १ |
| | व्यवसाय का वर्णन | गियर बॉक्स का निर्माण |
| १६ | काम का वर्णन | गियर बॉक्स की असेम्ब्ली |

〔उ°२〕 सर्विस व्यवसाय

| | | |
|---|---|---|
| १५ | संस्था का नाम | (लि°) टोटल केयर सेंटर |
| | व्यवसाय का वर्णन | बुजुर्ग व्यक्ति के घर जाकर खाने-पीने या स्नान आदि की सहायता करना |
| १६ | काम का वर्णन | होम हेल्पर |

〔उ°३〕 होलसेल व्यवसाय

| | | |
|---|---|---|
| १५ | संस्था का नाम | लिकर व्यापार कं° लि° |
| | व्यवसाय का वर्णन | विदेशी लिकर का होलसेल व्यापार |
| १६ | काम का वर्णन | उत्पाद खरीद |